बिहार सरकार
आपदा प्रबंधन विभाग

<u>प्रेस नोट</u>

दिनांक–13.12.2016

राज्य शीतलहर के प्रकोप से गुजर रहा है। मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा वर्त्तमान में ढंड का प्रकोप बना रहने एवं ढंडी हवा चलने का पूर्वानुमान दिया गया है। विभाग के द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों/ आयुक्तों को शीतलहर के प्रभाव से बचने हेतु विभागीय पत्रांक 4041/आ0प्र0, दिनांक 06.12.2016 द्वारा विस्तृत निदेश जारी कर दी गयी है तथा अलाव की व्यवस्था हेतु सभी जिलो को कुल `28.00 लाख रूपये का आवंटन निर्गत किया जा चुका है।

अलाव की व्यवस्था ऐसी स्थानों पर करने का निदेश दिया गया है, जहाँ अधिक से अधिक निर्धन एवं असहाय लोग निवास करते हैं या एकत्र होते हैं यथा धर्मशालाएँ, अस्पताल परिसर, रैन बसेरा, मुसाफिरखाना, रिक्शा एवं टमटम पड़ाव, चौराहा, रेल/बस स्टेशन आदि।

प्रधान सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा स्वयं इसकी पुनः समीक्षा कर सभी जिला पदाधिकारियों को मुख्य स्थानों पर अलाव जलाने का निदेश दिया गया है।

जिलों से अलाव जलाने का प्रतिवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अबतक विभिन्न जिलो में कुल 408 जगहो पर अलाव जलाने की सूचना प्राप्त हुई है।